

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लाँग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 24 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी मंगलवार 19 सितंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


# श्रीराम कथा के दौरान स्वामी रामभद्राचार्य ने अनेक विषयों पर खुलकर की बयानबाजी

सिवनी यशोः- तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने सिवनी में आयोजित रामकथा के दौरान भक्तिमय श्रीराम भगवान के सुंदर चरित्रों का वर्णन करते हुये अनेक ऐसी बात कहीं जो राष्ट्र के बड़े चिंतन से जुड़ी है और उन्होंने सिवनी से सनातन धर्म की समर्थक राजनैतिक शक्तियों को जनता से समर्थन देने को कहा । स्वामी रामभद्राचार्य जी ने यह बात भी स्पष्ट रूप से कहीं कि भारतीय जनता पार्टी 80 प्रतिशत सनातन धर्मियों की शुभचिंतक है और सनातन धर्म की रक्षा के लिये हमेशा आगे आकर पूरी ताकत से काम तो करती ही है इसके साथ ही भारत की सैकड़ो वर्षो से बनी हुई समस्याओं का निराकरण करने की भी इच्छाशक्ति का परिचय भाजपा ने दिया है । स्वामी रामभद्राचार्य जी ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की खुले मन से प्रशंसा की और कहा कि इतना बेहतर प्रधानमंत्री मिलना भारत का सौभाग्य है जिसने सैकड़ो वर्षो से चल रहे रामजन्मभूमि विवाद का निपटपरा बड़ी आसानी से कर दिया ।

### रामजन्मभूमि का विवाद चुटकियों में निपटा दिया प्रधानमंत्री मोदी ने

भगवान श्रीराम की जन्म भूमि के लिये सनातन धर्मियों द्वारा पिछले पाँच सौ साल से संघर्ष किया जा रहा था परंतु बिना किसी संघर्ष के इस विवाद को समाप्त कराने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस कौशल का परिचय दिया उसकी कल्पना दुनिया को नहीं थी और सभी सोच रहे थे कि राम मंदिर विवाद का फैसला आने पर भारत की शांति भंग हो जायेगी परंतु फैसला आने के बाद कहीं कोई विवाद नहीं हुआ पूरे देश ने न्याय व्यवस्था का स्वागत किया ।

### धारा 370 की समाप्ति भाजपा का अभिनंदनीय कार्य

स्वामी रामभद्राचार्य जी ने ज मू कश्मीर से धारा 370 समाप्त करने के विषय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की मुक्तकंठ से प्रशंसा की और कहा कि ज मू कश्मीर में धारा 370 देश को अपमानित करने वाली धारा थी ज मू कश्मीर को विशेष दर्जा धारा 370 के तहत दिया गया था जिसका पूरा देश विरोध कर रहा था वहाँ निवासी भी विकास की मु य धारा से कटे हुये थे और भारत के कानून वहाँ निष्प्रभावी होने से ज मू कश्मीर से विदेशी आतंकियों की घुसपैठ और आतंक का प्रवेश होता था । ज मू कश्मीर के मूल निवासी आतंक का शिकार थे । ज मू कश्मीर में लगी हुई अलगाव की आग को शांत करने के लिये देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नरेन्द्र मोदी ने जिस साहस और दृढता का परिचय दिया वह अभिनंदनीय है।

### राम और रघुबर के बनकर रहो, बाबर औरऔरंगजेब के नही

सिवनी के पॉलिटेक्निक ग्राऊंड में नौ चली श्री राम कथा में महाराज श्री रामभद्राचार्य जी ने मुस्लिम बहिनों को तीन तलाक से मुक्ति दिलाने के लिये नरेन्द्र मोदी सरकार की सराहना की । इसके साथ ही स्वामी राम भद्राचार्य ने कथा के दौरान यह बात भी कही कि सनातन



धर्म सह अस्तित्व पर विश्वास करता है भारत में हिन्दु और मुस्लिम सहित अन्य सभी पूजा पद्धति के लोग पूर्ण स मान के साथ रह सकते है परंतु राम और रघुबर के बनकर रहे है हमारे आदर्श भगवान श्रीराम और श्री कृष्ण है। रहीम और रसखान को हमने स मान दिया है और उन्हें दिया जाता रहेगा परंतु बाबर और औरंगजेब को यदि कोई आदर्श बनाता है तो उसका विरोध होगा । उन्होंने कहा कि राम और रघुवर के बनकर रहो बाबर और औरंगजेब के नहीं ।

### सनातन धर्म पर विवादित बयान के लिये उन्होंने स्टालिन की निंदा की

स्वामी रामभद्राचार्य जी ने सनातन धर्म के विरोध में तमिलनाडू के एक मंत्री उदयनिधि स्टालिन के बयान की घोर निंदा तो अपनी कथा के दौरान की है उन्होंने इस बात पर घोर आपत्ति भी जतायी कि इंडिया गठवंधन के घटक दल के एक सदस्य स्टालिन के सनातन विरोधी बयान पर सनातन के पक्ष में खड़े नजर नहीं आ रहे है उन्होंने स्टालिन के बयान पर कांग्रेस को भी आड़े हाथों लिया और स्पष्ट रूप से कहा कि यह गठबंधन ठगबंधन है जो सत्ता के लिये बना है और जो कांग्रेस महात्मा गांधी को अपना आदर्श मानती है उस महात्मा के परम प्रिय भगवान श्रीराम अर्थात सनातन के विरोध में खड़ी रहती है । सनातनी और हिन्दु होने का चोला राहुल गांधी वोट के धारण करते है परंतु सनातन के विरोध में हो रही बयान बाजी पर चुप रहते है । स्वामी जी ने कहा कि कांग्रेस की न तो कोई नीति है और नीयत वह केवल सत्ता के लिये काम करती है । स्वामी रामभद्राचार्य जी ने कहा कि वहीं भाजपा सनातन के लिये सरकारों को भी दांव पर लगा देती है भाजपा भारतीय संस्कृति और संस्कारों के लिये काम करती है इसलिये मुझे भाजपा प्रिय है। उन्होंने यह बात भी स्पष्ट रूप से कही कि इंडिया गठबंधन भारत के टुकड़े करना चाहता है और देश को कमजोर करने में लगा हुआ है। स्वामी जी उदयनिधि स्टालिन को अस्तानिधि बनाने की बात कहीं ।

### सनातन धर्म के अपमान पर कांग्रेस के मौन की निंदा कहा भाजपा को जिताएं

कथा के दौरान स्वामी रामभद्राचार्य जी ने यह ऐसे संतो को भी मंच के माध्यम से फटकार लगायी जो सनातन धर्म के संबंध स्टालिन की आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद भी मौन धारण किये हुये है । उन्होंने कहा कि मैं सनातन धर्म की रक्षा के लिये संत बना हूँ सनातन धर्मियों के स मान में मेरा स मान निहित है परंतुवे संत जो सनातन पर हो रहे आक्रमण के बाद भी मौन है वे सनातन के साथ गद्दारी कर रहे है । स्वामी जी ने यह भी स्पष्ट रूप से कहा कि संतों को राष्ट्र की सत्ता पर अंकुश रखना चाहिये और आवश्यक मुद्दों पर मुखरता के साथ बोलना चाहिये राजनैतिक विषयों पर संत नहीं बोलेगा तो` या गुंडे बदमाश बोलेगें। स्वामी रामभद्राचार्य जी ने नौ दिन की अपनी कथा में यह भी कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव कांग्रेस और भाजपा के बीच नहीं हो रहे है यह अर्धम और धर्म का चुनाव है कांग्रेस को उन्होंने अधर्मियों की जमात बताया और भाजपा को धर्म की रक्षक बताया । उन्होंने स्पष्ट शब्दों में भाजपा को भारी मतो से जिताने की अपील भी की ।

### अमेरिका मोदी का उतना स मान करता है, जितना कोई ससुर दामाद का भी नहीं करता

स्वामी रामभद्राचार्य जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 73वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सिवनी में कहा कि प्रधानमंत्री मेरे मित्र हैं। उनके 73वें जन्मदिन पर उनको अनंत-अनंत शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री मोदी का व्यक्तित्व एक ऐसा अनूठा व्यक्तित्व है, जिसमें स मोहन है। भयंकर से भयंकर व्यक्तित्व उनके सामने आकर उनके चरणों में घुटने टेकने पर विवश हो जाता है।

एक दिन वह भी था जब अमेरिका ने पीएम मोदी के वीजा पर बैन लगा दिया था। आज वहीं अमेरिका प्रधानमंत्री मोदी का उतना स मान करता है। जितना कोई ससुर दामाद का भी नहीं करता होगा। उनके व्यक्तित्व में जादू है, करिश्मा है।` योंकि वे राष्ट्र को समर्पित हैं। वे शतायु हों और इसी प्रकार भारत के स्वाभिमान को शिखर तक ले जाएं।

तुलसी पीठाधीश्वर जगदगुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता के दिलों में तो बसे ही हैं। साथ ही वैश्विक नेताओं की लोकप्रियता से जुड़ी जितनी भी सर्वे रिपोर्ट आई है, उन सभी में वे सर्वोच्च स्थान पर रहे हैं। भारत की अध्यक्षता में हुए जी-20 शिखर स मेलन के सफल आयोजन को लेकर दुनिया भर के नेताओं ने पीएम मोदी की तारीफ की। अब मॉर्निंग कंसल्ट के ताजा सर्वे में भी कहा गया है कि 76 प्रतिशत लोगों ने पीएम मोदी के नेतृत्व को मंजूरी देते हुए सबसे भरोसेमंद बताया है।

### मोदी के प्रति अटूट विश्वास की वैश्विक मान्यता

उन्होंने कहा कि ताजा सर्वेक्षण से पता चलता है कि पीएम नरेंद्र मोदी की वैश्विक नेताओं के बीच लोकप्रियता बेजोड़ बनी हुई है। ये न केवल विदेश नीति में पीएम के सिद्धांत की सफलता का प्रमाण है। बल्कि लाखों लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में पीएम मोदी की उपलब्धियों, उनके जीवन स्तर में सुधार के निस्स्वार्थ प्रयासों और लोगों के उनके प्रति अटूट विश्वास की वैश्विक मान्यता भी है।

सिवनी में रामथा के आयोजक सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन की उन्होंने बहुत सराहना की और कहा कि दिनेश राय मुनमुन को आने वाले समय में वह कैबीनेट मंत्री बनायेंगे । स्वामी रामभद्राचार्य जी ने मध्यप्रदेश के मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की महिलाओं के कल्याण के लिये किये जा रहे प्रयासों की सराहना की । सिवनी में संपन्न हुई श्रीराम कथा में हर दिन दसों हजार श्रोता नियमित रूप से पहुँच रहे थे कथा के आयोजक सिवनी विधायक ने भी व्यापक व्यवस्थाएँ की थी । स्वामी रामभद्राचार्य जी ने पुनः सिवनी आकर भगवत कथा करने की स्वीकारोक्ति प्रदान की

## संसद के विशेष सत्र में मोदी सरकार का मास्टरस्ट्रोक, 20 को संसद में पेश करेगी महिला आरक्षण बिल

महिला आरक्षण बिल को अब लोकसभा में पेश किया जाएगा. नए बिल के प्रावधानों के मुताबिक, महिलाओं को 33त्न आरक्षण दिया जाएगा. सरकार के एजेंडे में तो ये शामिल रहा ही है साथ ही विपक्ष भी महिला आरक्षण का मुद्दा उठाता रहा है. कांग्रेस नेता पवन खेड़ा और विपक्ष के कई और नेताओं ने रविवार को कहा था कि महिला आरक्षण बिल संसद के इसी सत्र में पास हो.

केंद्रीय कैबिनेट ने महिला आरक्षण बिल पर मुहर लगा दी है. अब बिल को लोकसभा में पेश किया जाएगा. नए बिल के प्रावधानों के मुताबिक, महिलाओं को 33त्न आरक्षण दिया जाएगा. विपक्ष के नेताओं ने रविवार को सर्वदलीय बैठक में महिला आरक्षण का मुद्दा उठाया था. बीजेडी के नेता पिनाकी मिश्रा ने कहा था कि महिला आरक्षण बिल लाया जाए और नए संसद में उसको पारित कराया जाए. कई और दलों ने बैठक में महिला आरक्षण बिल लाने का समर्थन किया.

## मंडी नाला में घटनास्थल से तीन किमी दूर मिला लापता का शव


सिवनी यशोः- सिवनी जिले के बरघाट थाना अंतर्गत मंडी नाला में बीते दिवस बहे एक 60 वर्षीय व्यक्ति का शव नाले में घटनास्थल से 3 किमी दूर झाड़ियों में फंसा मिला है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोसमी गांव निवासी बालचंद सोनी (60) बाईट दिवस बहन के घर कांचना गांव जाने साइकिल से निकला था। जो रास्ते में लापता हो गया था। बहन के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों व ग्रामीणों ने तलाश शुरू की। लेकिन उसका कही पता नही चला। वहीं बरघाट से मंडी मार्ग में मंडी नाला पुल के नीचे लापता की साइकिल व चप्पल पानी में डूबी पाई गई थी। ऐसे में लापता बालचंद सोनी के नाले में बहने की आशंका को देखते हुए मामला दर्ज कर बरघाट पुलिस ने स्थानीय तैराकों की मदद ली थी। मंडी नाला पर लापता को खोजने का प्रयास किया। लेकिन लापता का कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद सिवनी से होमगार्ड जवानों के दल को मौके पर बुलाकर नाले में मोटर वोट उतारकर खोजबीन शुरू की गई। खोजबीन के दौरान दोपहर के समय घटनास्थल से करीब 3 किमी दूर नाले में बहे बालचंद सोनी का शव मिला है। बरघाट थाना प्रभारी कृपाल सिंह तेकाम ने बताया कि मर्ग कायम कर पुलिस ने प्रकरण को जांच में लिया है।

## जबरन नॉलेज




# राजा शंकर शाह रघुनाथ का बलिदान दिवस मनाया गया

सिवनी यशोः- क्रांतिकारी अमर बलिदानी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ने अपनी मातृभूमि से अंग्रेजो से स्वतंत्र कराने के लिए पिता-पुत्र ने अंग्रेजो से लोहा लिया, जबलपुर 52 वी रेजीमेंट का कमांडर` लार्क बड़ा अत्याचारी था उसने छोटे-छोटे राजाओं एवं आम जनता को परेशान कर रखा था, चारों ओर अनाचार और व्यभिचार का बोल बाला था। जनता में हाहाकार मचा हुआ था राजा शंकर शाह ने जनता और जमीदारों का साथ लेकर` लार्क के अत्याचारों को खत्म करने के लिए संघर्ष का ऐलान किया। जमीदारों और राजाओं की सभा बुलाई गई, इस क्षेत्र में प्रचार के लिए एक पत्र और दो काली चूड़ियों की पुड़िया बनाकर प्रसाद के रूप में वितरित की गयी, पत्र में लिखा गया '' अंग्रेजो से संघर्ष के तैयार रहों या चुड़िया



पहनकर घर बैठो'' जो राजा, मालगुजार पुड़िया ले लेता इसका अर्थ क्रांति में अंग्रेजो का साथ दे रहा है। अंग्रेज डिप्टी कमीशनर के पास गुप्तचरो के माध्यम से गोपनीय सूचनाऍ प्राप्त कर ली गई, राजा शंकर शाह एवं उनके पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह को गिरफतार कर लिया गया। गिरफतारी के कुछ दिन बाद 18 सित बर 1857 को जबलपुर हाउस के सामने फांसी परेड हुई दोनो को तोपो के मुंह से बांध दिया गया, तोप बांधते समय राजा ओर राजकुमार दोनो सीना तानकर देवी की प्रार्थना कर रहें थे, उनके चेहरो में मौत का कोई डर नही था अंग्रेजो ने उन्हें तोप से उड़ा दिया।

ऐसे अमर बलिदानी राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन में गेंदलाल भलावी औरध्रुवनारायण चैधरी ने माल्यापर्ण किया व जेपीएस तिवारी द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया। उपस्थित कांग्रेस जनों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना, एड. पंकज शर्मा, ब्रजेशसिंह लल्लू बघेल, विष्णु करोसिया, अतुलचंद मालू, विनोद यादव, राजेश मानाठाकुर, श्रीमति ललिता बघेल, छोटेलाल उइके, रमान सिंह बघेल, नन्दू यादव, धनंजय सिंह, ठा. जयप्रकाश परिहार, जिब्राईल अंसारी, रामकिशोर बघेल, सुजीत गोदरे, सतेन्द्र बघेल, नितिन बघेले, फिरोज खान, धरमू तेकाम की उपस्थिति रही।

## पेंच के जंगलों के संरक्षण के लिए हुई अंतर्राज्यीय बैठक का आयोजन

सिवनी यशोः- पेंच नेशनल पार्क के जंगलों के बेहतर सरंक्षण के लिए एक अंतर्राज्यीय संयुक्त बैठक आयोजित की गयी। जिसमे पेंच (म.प्र. ) एवं पेंच (महाराष्ट्र) के सभी स्तरों के वन रक्षकों ने भाग लिया। और अवैध मतस्याखेट, वन एवं वन्य प्राणी सुरक्षा, संयुक्त गश्ती सहित अन्य बातों पर चर्चा हुई। पेंच टाईगर रिजर्व के डिप्टी डायरे टर रजनीश सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की पेंच टाइगर रिजर्व की संरक्षण रणनीतियों को और बेहतर बनाने के लिए यह एक संगठित प्रयास है। और हम वन्यजीव संरक्षण के लिए एक साथ कदम बढ़ा रहे हैं। पेंच राष्ट्रीय उद्यान में देश-विदेश से लोग बाघ देखने आते हैं। जहां उन्हें बाघ सहित अन्य वन्य प्राणी देखने को मिल जाते हैं। जिन्हें देखकर वे काफी रोमांचित हो उठते हैं।

## ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य जी का प्रथम आगमन

### ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य श्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज का 3 अ टूबर का सिवनी प्रथम आगमन, तैयारी हेतु आवश्यक बैठक 21 सित बर को दोपहर 2 बजे मठ मंदिर में



सिवनी यशोः-अत्यंत हर्ष का विषय है परमाराध्य भगवत्पूज्यपाद धर्मसम्राट् द्विपीठाधीश्वर ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज के परमशिष्य परमपूज्य अनन्तश्री विभूषित ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज का शंकराचार्य पद पर अभिषिक्त होने के बाद प्रथम सिवनी नगरागमन 3 अे टूबर को हो रहा है7 श्री शंकराचार्य जी के सिवनी प्रथम आगमन पर स्वागत, अभिनंदन, शोभायात्रा, धर्मसभा हेतु 21 सित बर 2023 गुरुवार को दोपहर 2 बजे मठ मंदिर सिवनी में आवश्यक बैठक रखी गयी है7 सभी सनातनधर्मियों से इस आवश्यक बैठक में उपस्थित होने का आग्रह जगद्गुरु शंकराचार्य स्वागत समिति, सिवनी के द्वारा किया गया है ।

# जिला कले टर ने समय सीमा बैठक अनेक विषयों पर की समीक्षा

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में सोमवार 18 सित बर को कले ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर कले टर सीएल चनाप सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही साथ ही विकासखण्डस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

बैठक में कले टर श्री सिंघल ने सीएम हेल्पलाईन में 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों, जिलेवार रैंकिंग के लिए चयनित शिकायतों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य अधिक शिकायतों वाले विभागाधिकारियों को शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही कर निराकृत करने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने तहसील कार्यालयों में लंबे समय से लंबित प्रकरणों, जन अकांक्षा पोर्टल दर्ज शिकायतों, सीएम मॉनिट, सांसद एवं विधायकगणों सहित विभिन्न आयोगों से प्राप्त प्रत्येक पत्रों की विस्तृत समीक्षा कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

कले टर श्री सिंघल ने लाड़ली बहना योजना अंतर्गत पात्र महिलाओं की त्रुटिपूर्ण समग्र आईडी से आधार ई-केवायसी किए जाने को लेकर नाराजगी व्यक्त कर संबंधित कर्मचारियों का वेतन काटे जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसी तरह उन्होंने जिले की नगरीय निकायों में अवैध कॉलोनियों के वैध किए जाने की योजना में एवं अनाधिकृत कालोनियों पर अपेक्षाकृत कार्यवाही न किया जाना पाए जाने पर सभी संबंधित अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की



गई। उन्होंने पेंशन प्रकरणों की समीक्षा के दौरान संबंधित विभागाधिकारियों को विभाग में लंबित प्रकरणों पर शीघ्र कार्यवाही पूर्ण कर पेंशन कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए। इसी तरह कले टर श्री सिंघल ने मु यमंत्री सीखों कमाओं योजना, मु यमंत्री लाड़ली बहना योजना, खाद्यान्न वितरण सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विकासखण्डवार जल जीवन मिशन तहत एकल एवं समूह नल जल योजना अंतर्गत अपूर्ण एवं पूर्ण कार्यो की जानकारी प्राप्त कर पूर्ण हुए कार्यो का क्रॉस वेरिफिकेशन करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक में कले टर श्री सिंघल ने आगामी विधानसभा निर्वाचन संबंधी कार्यो की समीक्षा के दौरान सभी से टर एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को उन्हें सौंपे गए निर्वाचन कार्यो को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## स्व सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण

### स्वालंबन की दिशा में आगे बढ़ रही महिलाएं



छपारा यशोः- जनपद क्षेत्र अंतर्गत आने वाली गंगई रैयत ग्राम पंचायत के बाबा ताज स्व सहायता समूह के माध्यम से राशिद मौलाना के मार्गदर्शन में गंगई रैयत की ग्रामीण महिलाओं को सिलाई कढ़ाई का 45 दिन का अन्य समूह के साथ प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसका मु य उद्देश्य है कि गांव की गरीब तबके की महिलाए अपने पैरों में खड़े हो सके एवम दो वक्त की रोटी कमा सके, शासन स्तर से जो योजनाए गांव में लागू की जा रही है उसके लिए ग्रामीण महिला समूह के माध्यम से बहुत सी महिलाएं स्वालंबन की दिशा में आगे बढ़ रही है और अपनी आजीविका चला रही हैं साथ ही अपने परिवार को स्वयं के पैर में खड़ा कर रही हैं।

समूह की सचिव शमीम खान ने बताया हमारे समूह ने अन्य समूह की महिलाओं को रोजी-रोटी कमाने के लिए रोजगार से जोड़ दिया गया है समूह की महिलाओं ने जिला कले टर से लोन का लाभ दिलाने की भी मांग की है।

# असाधारण, कुशल एवं प्रभावी वक्ता-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**लोकेन्द्र सिंह-**

सार्वजनिक जीवन में संवाद कला का बहुत महत्व है। व्यक्तिगत स्तर और छोटे समूह में लोगों को आकर्षित करना एवं उन्हें अपने से सहमत करना अपेक्षाकृत आसान होता है। किंतु, जन (मास) को अपने विचारों से सहमत करना और अपने प्रति उसका विश्वास अर्जित करना कठिन बात है। सार्वजनिक जीवन में काम करने वाले लोग किसी न किसी माध्यम से ही जन सामान्य तक अपनी पहुँच बनाते हैं। इस प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण है, व्यक्ति किस प्रकार अपने विचार प्रस्तुत करता है। आवश्यक है कि वह जिस रूप में सोच रहा है, वह उसी रूप में जनता के बीच पहुँचे। जो लोग इस प्रकार संवाद कला को साध लेते हैं, वह जनसामान्य से जुड़ जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसी संवाद कला को सिद्ध कर लिया है। वह असाधारण वक्ता और प्रभावी संचारक हैं। प्रधानमंत्री मोदी संचार के 7-सी के सिद्धांत को जीते हैं।

संचार के विशेषज्ञ फ्रांसिस बेटजिन ने बताया है कि 7-सी के सिद्धांत का उपयोग कर संचारक बहुत ही सरलता और प्रभावी ढंग से जन (मास) के मस्तिष्क में अपनी बात (संदेश) को पहुंचा सकता है। बहुत बड़े जनसमुदाय से अपनत्व स्थापित कर सकता है। इस सिद्धांत की सातों सी- स्पष्टता (ष्द्यड्डह्म्द्बह्ल4), संदर्भ , निरंतरता , विश्वसनीयता , विषय वस्तु , माध्यम और पूर्णता प्रधानमंत्री मोदी के भाषण में झलकती हैं।

प्रधानमंत्री मोदी जो संदेश देना चाहते हैं, समाज तक वह संदेश स्पष्ट रूप से पहुँचता है। वह अपनी बात को संदर्भ के साथ प्रस्तुत करते हैं, इससे लोगों को उनका संदेश समझने में आसानी होती है और उसमें रुचि भी जाग्रत होती है। वह अपनी बात को निरंतरता और पूर्णता के साथ कहते हैं। किस तरह की बात करने के लिए कौन-सा माध्यम उपयुक्त है, यह भी वह भली प्रकार जानते हैं। युवाओं के साथ संवाद करना है तो वह नवीनतम तकनीक का उपयोग करते हैं। सोशल मीडिया के सभी मंच और नमो एप के माध्यम से वह तकनीक के साथ जीने वाली नयी पीढ़ी से संवाद करते हैं तो इस पीढ़ी को मोदी अपने निकट नजर आते हैं। सुदूर क्षेत्रों में संवाद करना है तो वह रेडियो को चुनते हैं। अहिंदी क्षेत्रों में क्षेत्रीय भाषा में अपने भाषण की शुरुआत कर, वहाँ उपस्थित जनता का अभिवादन कर वह उनका दिल जीत लेते हैं। यही कारण है कि उनको चाहने वाले लोग गुजराती और उत्तर भारत में ही नहीं, वरन भारत के दूसरे क्षेत्रों में भी समानुपात में हैं। कुल मिलाकर हम कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी किसी कुशल संचारक की तरह प्रभावी संचार के सभी तत्वों को ध्यान में रखकर जन संवाद करते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा को नजदीक से देखते हैं तो हमें ध्यान आता है कि आज वह जिस शिखर पर हैं, वहाँ पहुँचने में उनकी संवाद शैली की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका रही है। भारतीय राजनीति को लंबे समय बाद ऐसा राजनेता मिला है, जिसके संबोधन की प्रतीक्षा समूचे देश को रहती है। लाल किले की प्राचीर से दिए जाने वाले भाषण अब



औपचारिक नहीं रह गए। वह एक विशेष वर्ग तक भी सीमित नहीं रह गए हैं। अब देश का जनसामान्य उनको सुनता है। जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बोलते हैं तो देश ही नहीं अपितु दुनिया के कान उनके वक्तव्य पर टिके होते हैं। मोदी को चाहने वाले ही नहीं, अपितु उनकी आलोचना करने वाले लोग भी उन्हें अत्यंत ही ध्यानपूर्व सुनते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संवाद शैली का असर है कि रेडियो फिर से जनमाध्यम बन गया।

प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' को सुनने के लिए गाँव-शहर में चौपाल लगती है। वह जब विदेश में जाते हैं तो प्रवासी भारतीय उनको सुनने के लिए आतुर हो जाते हैं। विदेशों में भारतीय राजनेता को सुनने के लिए इतनी भीड़ कभी नहीं देखी गई है।

दरअसल, उन्हें यह अच्छे से ज्ञात है कि कब, कहाँ और किसके बीच अपनी बात को कैसे कहना है? यदि हम यह मान भी लें कि राजनीतिक सभाओं में भीड़ जुटाना एक प्रकार का प्रबंधन है। फिर भी अब वह दौर नहीं रहा जब आम आदमी हेलीकॉप्टर देखने के आकर्षण में सभा स्थल तक पहुँच जाता था। उस समय अपने प्रिय नेता को देखने के लिए संचार के अत्यधिक माध्यम भी नहीं थे। जबकि आज तो हर समय राजनेता की छवि हमारे सामने उपस्थित रहती है।

दूसरी बात यह कि सभा स्थल की अपेक्षा घर में बैठ कर अधिक आराम और अच्छे से अपने प्रिय नेता को टेलीविजन पर सीधे प्रसारण में सुना-देखा जा सकता है। ऐसे समय में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रत्यक्ष सुनने के लिए जनता जुटती है तो यह अपने आप में आश्चर्य और शोध-अध्ययन का विषय बनता है। यह उनकी असाधारण भाषण कला का जादू है जो लोग खिंचे चले आते हैं। वे अपनी इस कला से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करना जानते हैं।

वह जानते हैं कि आज के युवाओं को किस तरह की भाषा सुनना पसंद है। हिन्दी प्रेमी होने के बाद भी वह अपने भाषण में कुछ वो य/तुकबंदी अंग्रेजी के शब्दों की करते हैं। वह तुकबंदी तेजी से लोगों की जुबान पर चढ़ जाती है, जैसा कि वह चाहते थे। जैसे- रिकॉर्ड देखिए, टेप रिकॉर्ड नहीं, मिनिमम गवर्नमेंट-मैं समम गवर्नेंस, रिफोर्म-परफोर्म-ट्रांसफोर्म, नेशन फर्स्ट (राष्ट्र सबसे पहले)। त्तस्ञ्ज को उन्होंने कुछ इस तरह परिभाषित किया- ग्रोइंग स्ट्रॉन्गर टुगेदर। वहीं, अंग्रेजी के अल्फाबेट क्चश्लष्ठ को उन्होंने आदर्श, बोफोर्स, कोयला और दामाद घोटाले से जोड़कर आकर्षक अंदाज में अपना संदेश जनता के बीच पहुँचाया। ड्ढ॥ढ्ढरू इस एप को उन्होंने डॉ. भीमराव आंबेडकर से जोड़ दिया। उनका दिया नारा 'सबका साथ-सबका विकास' और 'अच्छे दिन आएंगे' आज भी चर्चा और बहस के केंद्र में रहते हैं।

अपने राजनीतिक विरोधियों पर जोरदार और असरदार हमला बोलने के लिए वह कैसे 'आकर्षक शब्द' गढ़ते हैं, उसका एक उदाहरण स्कैम भी है। उत्तर प्रदेश के चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने मेरठ की एक रैली में स्कैम (स्ष्ड्ड) का नया अर्थ बताया था। उन्होंनें स से समाजवादी, ष्ट से कांग्रेस, से अखिलेश और रू से मायावती को बताया था। उनके इस प्रयोग को बाद में उनके विरोधियों ने भी इस्तेमाल किया। कांग्रेस राहुल गांधी भी आजकल प्रभावी संवाद के लिए उनकी शैली का अनुसरण करते हैं। गुजरात चुनाव के दौरान उन्होंने जीएसटी को गब्बर सिंह टै स बताया था। हालाँकि, प्रधानमंत्री मोदी की तरह इस प्रयोग का लाभ राहुल गांधी को नहीं मिला, बल्कि कुछ हद तक नुकसान ही उठाना पड़ा। इस तरह के प्रयोगों से प्रधानमंत्री मोदी अपने संदेश को प्रभावी और स्थायी तौर पर लोगों के बीच पहुँचाने में सफल होते हैं। इससे भाषण में एक प्रकार की रुचि भी जागती है। इसलिए ही उनका भाषण लोगों के दिमाग में उतर जाता है और जनसामान्य में चर्चा का विषय बनता है।

वाकपटुता में उनका मुकाबला कोई नहीं कर सकता। अपने विरोधियों के आरोपों और अमर्यादित शब्दों को भी वह अपने हित में उपयोग कर लेते हैं। वह स्वयं स्वीकारते हैं कि विरोधियों के फेंके पत्थर (अपशब्दों) से उन्होंने अपने लिए पहाड़ बना लिया है। प्रियंका गांधी ने जब आम चुनाव 2014 से पूर्व अपने एक भाषण में 'नीच राजनीति' शब्द का प्रयोग किया तो नरेन्द्र मोदी ने अपनी वाकपटुता और संवाद कुशलता से उस शब्द को पकड़ कर कांग्रेस को सीधे चोट पहुँचाई। गुजरात चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने भी उनके लिए सीधे-सीधे 'नीच' शब्द का उपयोग किया, जिसकी क्षतिपूर्ति कांग्रेस ने गुजरात चुनाव में अपनी पराजय से की। उत्तरप्रदेश चुनाव के दौरान अखिलेश यादव ने प्रधानमंत्री मोदी के गधा बताया था। जिस पर प्रधानमंत्री मोदी ने जवाबी वार करते हुए कहा कि मैं गर्व से गधे से प्रेरणा लेता हूं और देश के लिए गधे की तरह काम करता हूं। सवा सौ करोड़ देशवासी मेरे मालिक हैं। गधा वफादार होता है उसे जो काम दिया जाता है वह पूरा करता है। यह गधा शब्द कांग्रेस को भारी पड़ गया। कहने का अभिप्राय इतना है कि प्रधानमंत्री संवाद कला में इस स्तर तक निपुण हैं कि वह अपने लिए कहे गए अपशब्दों को भी अपनी ताकत बना लेते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण देश की जनता के बीच विश्वास का एक वातावरण बनाते हैं। वह आह्वान करते हैं और देश की जनता उनका अनुसरण करने निकल पड़ती है। प्रधानमंत्री मोदी की वाणी का जादू है कि देश के निश्छल नागरिकों के अंतर्मन में स्वच्छता के प्रति आंदोलन का भाव प्रकट हो जाता है। छोटे बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक स्वच्छाग्रही बन जाते हैं। मोदी के कहने पर लाखों लोग गैस की सबसिडी छोड़ देते हैं। देशवासी उनके कहने पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को किसी बड़े धार्मिक-राष्ट्रीय उत्सव की तरह मनाते हैं। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वाणी के प्रति जनता का भरोसा था कि अनेक प्रकार के कष्ट सहकर भी लोगों ने नोटबंदी के बाद पूरी तरह अनुशासन का पालन किया, जबकि समूचा विपक्ष और कुछ मीडिया संस्थान जनता को विद्रोह के लिए लगातार भड़का रहे थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश की जनता क्रिकेट के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की तरह देखती है। भारतीय दल कठिन स्थिति में फंसा है, किंतु यदि पिच पर सचिन खड़े हैं तो देश की जनता को एक उ मीद रहती है कि मुकाबले का परिणाम देश के पक्ष में आएगा। इसी तरह का विश्वास देश की जनता को नरेन्द्र मोदी पर है। जब मोदी बल्लेबाजी (अपना पक्ष रखने) के लिए राजनीति की पिच पर उतरते हैं तो समूचा देश निःशब्द उन्हें ध्यानपूर्वक सुनता है। अभी हाल में अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के दौरान सरकार की ओर से पक्ष रखते समय उन्होंने काफी लंबा भाषण दिया, किंतु उनके उस भाषण को पूरे देश ने चाव के साथ सुना। उनके भाषण को देश सुनता है, इसका प्रमाण अनेक टेलीविजन चैनक के टीआरपी के आंकडे हैं।

इस समय देश में वह इकलौते नेता हैं, जिनके भाषणों का ज्यादातर समाचार चैनल सीधा प्रसारण करते हैं, चाहे वह भाषण देश के किसी हिस्से से दिया जा रहा हो या फिर विदेशी जमीन से। बहरहाल, भारतीय राजनीति में इतने अच्छे वक्ता राजनेता कम ही हैं। वर्तमान समय में तो प्रधानमंत्री मोदी के मुकाबले का कुशल संचारक अन्य कोई दिखाई नहीं देता है। पिछले सात-आठ वर्ष से नरेन्द्र मोदी लगातार बोल रहे हैं, इसके बाद भी उनको सुनने की भूख देश की जनता में बची हुई है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म-दिवस पर मंत्री सारंग ने किया रक्तदान

### नरेला विधानसभा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगे और बने आयुष्मान कार्ड

भोपाल। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर देशभर में शुरू सेवा पखवाड़े की कड़ी में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने नरेला विधानसभा में आयुष्मान भवः अभियान के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। मंत्री श्री सारंग ने भी रक्तदान महादान के संदेश के साथ रक्तदान किया। शिविर में बड़ी सं या में नागरिकों ने अनुभवी चिकित्सकों से चिकित्सकीय परामर्श लिया। रक्तदान के लिये भी लोगों विशेषकर युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिला।

**मंत्री सारंग ने किया रक्तदान**

मंत्री सारंग ने नरेला विधानसभा में एमकेएन स्कूल में लगे रक्तदान शिविर में रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, पुण्य का कार्य है। समाज में रक्तदान संबंधी



जागरूकता का प्रचार-प्रसार सभी की जि मेदारी है। नरेला क्षेत्र के सभी 17 वार्डों में रक्तदान सहित विभिन्न सेवा कार्य किये जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत को विश्व पटल पर मिली नई पहचान मंत्री सारंग ने मीडिया से संवाद के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारत को विश्व पटल पर नई पहचान मिली है। भारत को दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाया है। श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की सर्वस्पर्शी एवं जन-कल्याणकारी नीतियों से जनता के जीवन में सुख और समृद्धि आयी है। श्री मोदी के नेतृत्व में भारत में जी-20 के सफल और एतिहासिक आयोजन की विश्व के सभी देशों ने सराहना की है।

**आयुष्मान भवः अभियान में लगे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर**

नरेला में आयुष्मान भवः अभियान में विभिन्न स्थानों पर लगाये गये निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों में नागरिकों के आयुष्मान कार्ड भी ऑन द स्पॉट बनाये गये।

## मध्यप्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान चीता प्रोजे ट परियोजना का एक वर्ष पूरा

भोपाल । मध्यप्रदेश के कूनों राष्ट्रीय उद्यान में चीता प्रोजे ट परियोजना के सफल क्रियान्यवन के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में श्योपुर जिले के सेराईपुरा में समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर वन महानिदेशक, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय श्री सी.पी. गोयल ने कहा कि चीता प्रोजे ट न सिर्फ क्षेत्र के इको सिस्टम को परिपूर्णता देकर जैव विविधता को बढ़ाता है बल्कि एक सस्टेनेबल भविष्य के प्रति हमारे प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। श्री गोयल आज मध्यप्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में समारोह को संबोधित कर रहे थे। चीता प्रोजे ट प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की जन-भागीदारी के मंत्र तथा वन अर्थ एवं मिशन लाईफ की अवधारणा पर खरा उतरता है।

अतिरिक्त मु य सचिव, वन श्री जे.एन. कंसोटिया, प्रधान मु य वन संरक्षक श्री आर.के. गुप्ता, एवं वन



बल प्रमुख श्री एस.पी. यादव, श्री शुभरंजन सेन, सदस्य सचिव, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण, अपर प्रधान मु य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) मध्यप्रदेश एवं अन्य अधिकारियों ने समारोह में भाग लिया। कार्यक्रम में प्रधान मु य वन संरक्षक श्री आर.के. गुप्ता ने चीता प्रोजे ट की सफलता पर कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने बताया पिछले वर्ष 17 सितंबर का दिन हमारे देश के वन्यप्राणी संरक्षण एवं प्रबंधन के इतिहास में अभूतपूर्व रहा है, जब 75 वर्षों बाद देश की धरती पर सबसे तेज दौड़ने वाले वन्यप्राणी चीता का पुर्नस्थापन किया गया।

चीता प्रोजे ट भारत सरकार, नामीबीया, दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष अधिकारियों, वैज्ञानिकों, वन्यजीव विशेषज्ञ वन्यप्राणी चिकित्सक, संयुक्त दल के मार्गदर्शन में क्रियान्वित किया गया। प्रोजे ट चीता में स्थानीय समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। उन्हें रोजगार के विभिन्न अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। देश में चीता पुर्नस्थापन हेतु मध्यप्रदेश के गाँधी सागर अ यारण में आवश्यक तैयारियाँ की जा रही हैं

डॉ. एस.पी. यादव ने सदस्य सचिव राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा अतिथियों के स्वागत उद्बोधन में चीता प्रोजे ट एक वर्ष के उपलब्धियों की जानकारी दी गई। इसके बाद अतिथियों ने चीता प्रोजे ट की वार्षिक रिपोर्ट का विमोचन किया। हीरो मोटो कॉर्प द्वारा सी.एस.आर. के तहत प्रदाय की गई 50 मोटर साईकिलें कर्मचारियों को वितरित की गई। प्रोजे ट चीता की उपलब्धियों पर निर्मित लघु वृत्त चित्र का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधान मु य वन संरक्षक वन्यप्राणी एवं मु य वन्यप्राणी अभिरक्षक श्री अतुल श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**चीतों का स्वास्थ्य परीक्षण**

आज दो चीतों गौरव एवं शौर्य का स्वास्थ्य परीक्षण पूरा किया गया। इसके बाद उन्हें सा ट रिलीज बोमा में छोड़ा गया। वर्तमान में दोनों चीते स्वस्थ हैं। स्वास्थ्य परीक्षण के दोनों चीतों को 19 जुलाई को क्वारेंटाइन बोमा में रखा गया था। यह कार्य कूनो में पदस्थ वन्य प्राणी चिकित्सकों की टीम द्वरा किया गया।

## समाज के सभी क्षेत्रों में महिलाओं का सहभाग बढ़ाने का प्रयास करेंगे संघ प्रेरित संगठन – डॉ. मनमोहन वैद्य जी

पुणे, । महिलाओं को अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए. इसलिए सभी क्षेत्रों में महिलाओं का सहभाग बढ़े, इसके लिए संघ प्रेरित संगठन प्रयास करेंगे. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय समन्वय बैठक में इस विषय पर चर्चा की गई, यह जानकारी शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. मनमोहन वैद्य जी ने दी.

तीन दिवसीय समन्वय बैठक का समापन आज पुणे में हुआ. इस अवसर पर आयोजित पत्रकार वार्ता में सह सरकार्यवाह जी ने जानकारी दी. अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील जी आंबेकर भी उपस्थित थे. सरसंघचालक डॉ. मोहन जी भागवत के भाषण के साथ इस बैठक का समापन हुआ. बैठक में 36 विभिन्न संगठनों के कुल 243 प्रतिनिधि उपस्थित थे.

डॉ. मनमोहन वैद्य ने कहा कि भारत के चिंतन में परिवार सबसे छोटी इकाई होती है. परिवार में महिलाओं की भूमिका सबसे प्रमुख होती है. इसलिए समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं को अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए. महिलाओं की



समाज में सक्रियता बढ़ रही है जो सराहनीय है, इसी संदर्भ में संघ की शताब्दी योजना के अंतर्गत महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने पर बैठक में चर्चा की गई. महिलाओं में आपसी संपर्क बढ़ाने हेतु देशभर में 411 स मेलन आयोजित किये जाएंगे. अब तक 12 प्रांतों में इस तरह के 73 स मेलन आयोजित किए जा चुके हैं, जिन्हें अच्छा प्रतिसाद मिला है. जिनमें 1 लाख 23 हजार से अधिक महिलाओं का सहभाग रहा. उन्होंने कहा कि संघकार्य शुरू हुए 97 वर्ष हो चुके हैं. इस यात्रा के चार पड़ाव हैं. संगठन, विस्तार, संपर्क व गतिविधि ये तीन पड़ाव थे. सन् 2006 में श्री गुरुजी की जन्मशती के बाद चौथा पड़ाव शुरू हुआ, जिसमें राष्ट्र की उन्नति के लिये कुछ न कुछ कार्य करने का प्रण हर स्वयंसेवक ले, यह अपेक्षा की गई है. बैठक में चर्चित अन्य विषयों के बारे में उन्होंने कहा कि समाज में सज्जन शक्ति को संगठित व समाज कार्यों में सक्रिय करने के प्रयासों पर चर्चा की गई.

सनातन संस्कृति को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि सनातन धर्म का अर्थ रिलिजन नहीं है. सनातन स यता एक आध्यात्मिक लोकतंत्र (स्पिरिचुअल डेमोक्रसी) है. जो लोग सनातन को लेकर वक्तव्य देते हैं, उन्हें पहले इस शब्द का अर्थ समझ लेना चाहिए.

इंडिया और भारत नामों को लेकर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि देश का नाम भारत है, वह भारत ही रहना चाहिए. बल्कि प्राचीन काल से यही प्रचलित नाम है. भारत नाम स यता का मूल है.

संघ प्रेरित विभिन्न संगठनों की बैठक वर्ष में एक बार आयोजित की जाती है. इस समन्वय बैठक में भाग लेने वाले संगठन अपने काम और अनुभव, साथ ही आगामी कार्यक्रम आदि जानकारी का आदान-प्रदान करते हैं.

संघ का विस्तार– डॉ. मनमोहन जी ने बताया कि देशभर में संघ कार्य को लेकर प्रतिसाद बढ़ रहा है. संघ की शाखाओं की सं या लगातार बढ़ रही है. कोरोना से पूर्व जो सं या थी, उससे अधिक सं या हो चुकी है. सन् 2020 में देश में 38 हजार 913 स्थानों पर शाखाएं थीं, 2023 में यह सं या बढ़कर 42 हजार 613 हो गई है यानी इनमें 9.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. संघ की दैनिक शाखाओं की सं या 62 हजार 491 से बढ़कर 68 हजार 651 हो गई है. संघ की देश में कुल 68 हजार 651 दैनिक शाखाएं हैं और इनमें से 60 प्रतिशत विद्यार्थी शाखाएं हैं. चालीस वर्ष की आयु तक के स्वयंसेवकों की शाखाएं 30 प्रतिशत हैं, जबकि चालीस वर्ष से ऊपर के आयु के स्वयंसेवकों की शाखाएं 10 प्रतिशत हैं. संघ की आधिकारिक वेबसाइट पर जॉइन आरएसएस के माध्यम से प्रति वर्ष 1 से सवा लाख नए लोग जुड़ने की इच्छा जता रहे हैं. उनमें से अधिकतर 20 से 35 वर्ष तक की आयु के हैं.

## मु यमंत्री चौहान के निर्देश पर हुआ रेस् यू

### *बड़नगर में तीन व्यक्तियों को सुरक्षित एयर लि ट किया गया*

भोपाल । अतिवृष्टि से उज्जैन जिले के बड़नगर तहसील के ग्राम सेमल्या में पानी भराव से तीन व्यक्तियों को मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर सुरक्षित एयर लि ट कया गया। रेस् यू जिला प्रशासन ने एसडीआरएफ के सहयोग से किया।

उज्जैन जिले में 15 और 16 सित बर को भारी वर्षा के कारण जिले की कई तहसील में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई। बड़नगर में विगत दो दिवस में 15 इंच वर्षा तथा नदियों में बरसात का पानी आने से कई ग्रामों में पानी भरने से यातायात स पर्क टूट गया। बड़नगर तहसील के ग्राम सेमल्या में सारे रास्ते बंद होने तथा पानी भर जाने से सेमल्या ग्राम के आसिफ फरजाना बी, लियाकत तथा नौशाद अपने घर की छत पर फंस गये। स्थानीय संसाधनों से कोशिश की गई। नाव से पहुँचने की कोशिश की गई, परन्तु तीन बरसाती नदियाँ ऊफान पर होने के कारण संबंधित लोगों तक मदद नहीं पहुँच पा रही थी। कले टर, जिला उज्जैन द्वारा अतिरिक्त मु य सचिव श्री अशोक वर्णवाल तथा प्रमुख सचिव राजस्व श्री निकुंज



श्रीवास्तव को सूचना दी गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य शासन द्वारा मु यमंत्री के निर्देश पर हेलीकॉप्टर से एयर लि ट करने के निर्देश दिए गये। अपर मु य सचिव ने रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों से स पर्क किया। नागपुर से विंग कमांडर श्री अजय वशिष्ठ के नेतृत्व में बचाव दल ने उड़ान भरी तथा दोपहर 3.45 बजे सेमल्या गाँव में छत से तीनों व्यक्तियों को एयर लि ट किया। जिसमें एक गर्भवती महिला भी थी। इंदौर में सभी लोगों का प्राथमिक उपचार किया गया। सभी स्वस्थ एवं सुरक्षित है।

आम आदमी के लिए सरकार की यह संवेदनशीलता की प्रशंसा पूरे क्षेत्र में हो रही है तथा मीडिया ने भी इसे प्रमुखता से खबरों में लिया है।

# जिलास्तरीय स्वरोजगार / रोजगार दिवस कार्यक्रम 20 सित बर

सिवनी यशोः- महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह आयोजित होने वाले स्वरोजगार / रोजगार दिवस कार्यक्रम के तारत य में बुधवार 20 सित बर को जनपद पंचायत सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से एक दिवसीय जिलास्तरीय स्वरोजगार /रोजगार दिवस कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों द्वारा शासन के संबधित विभागों की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के स्वीकृति पत्र एवं हितलाभ लाभार्थियों को वितरित किए जाएंगे साथ ही जिले में स्थापित एमएमएमई इकाईयों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

सिवनी यशोः- उप संचालक मत्स्योद्योग सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि भारत सरकार की %%प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना%% का लाभ लेने के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु समस्त जाति वर्ग के हितग्राहियों से 16 अे टूबर 2023 तक आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। योजना अंतर्गत समस्त जाति वर्ग की महिला, अनु.जाति एवं जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को इकाई लागत का 60 प्रतिशत तथा सामान्य एवं पिछड़े वर्ग के पुरूष हितग्राहियों को 40 प्रतिशत तक अनुदान दिये जाने का प्रावधान हैं। योजना का मु य उद्देश्य अधोसंरचना का विकास, मछली उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि करना हैं।

इस योजना अंतर्गत स्वयं की भूमि में नवीन तालाब निर्माण एवं इन्पुट्स की व्यवस्था, मत्स्यबीज संवर्धन जलक्षेत्र निर्माण, रंगीन मछली प्रजनन इकाई की स्थापना, बायो लॉक की स्थापना इनपुट्स सहित आर.ए.एस. (रिसर्कुलेटरी एक्वा कल्चर सिस्टम) की स्थापना, केज / पेन कल्चर, मत्स्य परिवहन हेतु मोटर साइकिल विथ आईस बॉ स, ऑटो रिं शा विथ आईस बॉ स, साईकिल विथ आइस बो स का प्रावधान है। फिश फीड मील की स्थापना, बर्फ सयंत्र - आइस प्लान्ट की स्थापना एवं मछली की फुटकर दुकान (फिश कियोस्क) आदि शामिल हैं। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय उप संचालक मत्स्योद्योग सिवनी एवं विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

# 'सिवनी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं मु यमंत्री संजीवनी लीनिक में आयुष्मान भवः योजना अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर प्रारंभ

## *31 दिस बर तक निरंतर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।*

सिवनी यशोः- मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने बताया कि सिवनी शहरी क्षेत्र अन्तर्गत संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छिन्दवाडा चौक सिवनी एवं मु यमंत्री संजीवनी` लीनिक बरघाट नाका सिवनी में ''आयुष्मान भवःयोजना'' अन्तर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है इस योजना अन्तर्गत दिनांक 17 से 31 दिस बर 2023 तक निरंतर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जावेगा, जिसमें सेवा पखवाडा, आयुष्मान आपके द्वार 3.0, आयुष्मान मेला, आयुष्मान सभा तथा अन्य विभिन्न 9 गतिविधियां संचालित की जा रही है।

सेवा पखवाडा का आयोजन दिनांक 17 सित बर से 2 अे टुबर तक किया जायेगा जिसके अन्तर्गत जन समुदाय को शहरी क्षेत्रो में कार्यरत आशा कार्यकर्ता/ए.एन.एम. द्वारा वार्ड भ्रमण कर विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्रदाय की जावेगी।

**स्वच्छता अभियान-** इसके अन्तर्गत समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं एवं वार्ड स्तर पर गठित महिला आरोग्य समिति/जन आरोग्य समिति के माध्यम से स्वच्छता हेतु अभियान का आयोजन किया जावेगा।



**रक्तदान शिविर-** इसके अन्तर्गत जन सहयोग के माध्यम से जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जावेगा साथ ही आम जनमानस को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम, रक्तदान पंजीयन, आदि का आयोजन संस्था एवं वार्ड स्तर पर किया जावेगा।

**अंगदान अभियानः-** जन समुदाय को एकत्रित कर स्वास्थ्य संस्था स्तर पर आर्गन डोनेशन हेतु पंजीयन एवं शपथ दिलाये जायेगे।

**आयुषमान आपके द्वार -** आयुषमान आपके द्वार अन्तर्गत दिनांक 17 सित बर से ही वे हितग्राही जो कि आयुषमान योजना अन्तर्गत पात्र है एवं जिनके आयुषमान कार्ड अब तक नही बन पाये है उन्हे कॉमन सर्विस सेंटर एवं जिला चिकित्सालय में स्थित आयुष्मान मित्र के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु प्रोत्साहित किया जावेगा। साथ ही वितरण हेतु प्राप्त आयुषमान कार्ड का ई-केवायसी के माध्यम से वितरण कार्य भी किया जा रहा है।

**आयुषमान स्वास्थ्य मेला-** शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं मु यमंत्री संजीवनी िलनिक में ''आयुषमान भवः योजना'' अन्तर्गत स्वास्थ्य शिविर/मेला का आयोजन कर प्रत्येक सप्ताह में अलग अगल थीम पर बेस्ड स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रथम सप्ताह- असंचारी रोग स्क्रीनिंग (डायबिटीस, हायपरटेंशन, ओरल, सरवाईकल एवं ब्रेस्टर केंसर स्क्रीनिंग), द्वितीय सप्ताह- संचारी रोगो की स्क्रीनिंग (टी.बी. कुष्ट एवं अन्य संचारी रोगों की स्क्रीनिंग) तथा तृतीय सप्ताह- मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण एवं टीकाकरण संबंधित गतिविधियों का आयोजन एवं चतुर्थ सप्ताह-नाक, कान, गला, स्क्रीनिंग एवं आखों की जॉच, मोतियाबिन्दह ऑपरेशन हेतु स्क्रीनिंग के साथ ही सिकिल सेल एनीमिया आदि की स्क्रीनिंग कार्य भी किया जावेगा। इसके अतिरिक्त प्रतिदिन स्वास्थ्य संस्था पर सामान्य ओ.पी.डी. सेवाए सहित आभा आई.डी., मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सेवाए एवं परामर्श सहित निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया जावेगा।

आयुषमान भवः योजना के सफल क्रियांवयन हेतु मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में जिला अर्बन नोडल अधिकारी डॉ. वंदना कमलेश, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. शैलेष डहेरिया, जिला सहायक कार्यक्रम प्रबंधक श्री संजय मानेश्वर, श्री धनीराम ब्रोकर, सहित शहरी क्षेत्र में पदस्थ समस्त स्वास्थ्य कर्मी- ए.एन.एम. आशा कार्यकर्ता निरंतर कार्य संपादित कर रहे है। वही डॉ. पूरूषोत्तम डहेरिया एवं डॉ. हर्षित कोरी सहित मु यमंत्री संजीवनी िलनिक एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ समस्त स्टॉफ निरंतर कार्यरत रहते हुये स्वास्थ्य सेवाए प्रदाय करने का कार्य कर रहे है।

# नदी, तालाब एवं झील में नहीं होगा मूर्तियों का विसर्जन

**परंपरागत मिट्टी एवं प्राकृतिक रंगों के उपयोग से करें मूर्ति निर्माण**
**पीओपी एवं केमिकल पदार्थों से बनी मूर्ति प्रतिबंधित**

सिवनी यशोः- केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नई दिल्ली द्वारा मूर्ति विसर्जन के संबंध में जारी की गई गाईड लाईन एवं मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जबलपुर के निर्देशों के परिप्रेक्ष्यग में कले टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने आदेश जारी कर जिले में गणेशजी एवं दुर्गाजी की मूर्तियों का नदियों, तालाब एवं झीलों में विसर्जन पर प्रतिबंध लगाया है एवं संबंधित अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से पालन कराने निर्देश दिए गए हैं।

उक्त आदेशानुसार जिले में मूर्तियों एवं प्रतिमाओं के निर्माण में केवल प्राकृतिक सामग्रियों का ही इस्ते माल किया जाएगा। मूर्तियों के निर्माण में परंपरागत मिट्टी का ही अपयोग किया जाए, पकी हुई मिट्टी, पीओपी (प्लास्टर ऑफ पेरिस) या किसी प्रकार के केमिकल एवं रासायनिक पदार्थों का उपयोग मूर्ति निर्माण में किया जाना प्रतिबंधित रहेगा। मूर्तियों एवं प्रतिमाओं पर कलर हेतु केवल प्राकृतिक रंगों व गैर विषाक्तम रंगों का इस्ते माल किया जावे। किसी भी प्रकार के रासायनिक व विषाक्त रंगों का इस्ते?माल पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिले मे केवल परंपरागत मिट्टी से निर्मित प्रतिमाओं का ही निर्माण व विक्रय किया जा सकेगा। परंपरागत मिट्टी छोड़कर अन्य् पदार्थ जैसे पीओपी व अन्य रासायनिक पदार्थों से बनाई जाने वाली प्रतिमाओं के निर्माण एवं बाहर से लाने या ले जाने को प्रतिबंधित किया गया है।

स्थानीय निकायों द्वारा भी इस संबंध में सत्यापन किया जाएगा। यदि परंपरागत मिट्टी छोड़कर अन्यी रासायनिक पदार्थो से प्रतिमाओं के निर्माण का मामला प्रकाश में आता है, तो तत्काल स्था?नीय निकाय द्वारा निर्मित प्रतिमाओं को अपने कब्जे में लेकर उनका निपटान नगरी ठोस अपशिष्ट नियम-2016 के प्रावधानों के अनुरूप किया जाएगा। पूजन सामग्री जैसे फल-फूल, नारियल, वस्त्र, सजावट के सामान, कागज एवं प्लाीस्टिक निर्मित वस्तुयएं शामिल है, को मूर्तियों /प्रतिमाओं के विसर्जन के पूर्व निकालकर उन्हें अलग-अलग एकत्रित किया जावेगा तथा उक्तत सामग्री का निपटान ठोस अपशिष्ट नियम -2016 के प्रावधानों के परिप्रेक्ष्यत में स्थानीय निकायों द्वारा किया जाएगा। मूर्ति /प्रतिमा के विसर्जन के 24 घंटे के भीतर विसर्जित मूर्ति/ प्रतिमाओं से उत्पयन्नए ठोस अपशिष्ट जैसे बांस, रस्सी, मिट्टी, पीओपी, प्रतिमा के हिस्सों आदि को एकत्रित कर उनका निपटारा नगरीय ठोस अपशिष्ट नियम -2016 के प्रावधानों के परिप्रेक्ष्यस में स्थारनीय निकायों द्वारा किया जावेगा। यह आदेश 10 अे टूबर 23 तक प्रभावशील होगा तथा इस अवधि में आदेश का उल्लंघन धारा 188 भारतीय दण्ड विधान अंतर्गत दण्डरनीय अपराध की श्रेणी में आयेगा।

# खुर्सीपार-सरंडिया मार्ग की पुलिया फिर बारिश में बही

## लगभग दो करोड़ की लागत से नवीन सड़क निर्माण होने पर भी नहीं बनाया गया रपटा

छपारा यशोः- वर्तमान में जहां देश में सभी सड़क मार्गों के लिए सरकार गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पर पुरजोर प्रयास कर रही है और भरपूर राशि स्वीकृत भी की जा रही है तो वहीं नगर की ओर पहुंच मार्ग जो मात्र दो किलोमीटर लंबाई के सड़क निर्माण कार्य जो लगभग दो माह पूर्व पूरा किया गया उसमें बीच रास्ते में पड़ने वाला नाला का रपटा निर्माण कार्य नहीं किए जाने से ग्रामीणों की समस्या अभी भी जस की तस बनी हुई है।



मिली जानकारी के अनुसार नगर से डेढ़ किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम खुर्सीपार से सरंडिया गांव पहुंच मार्ग लगभग 10 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद बनाया गया जिसकी लागत 1.98 करोड़ रुपए की थी जो की निर्माण लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आती हैं, उक्त दो किलोमीटर लंबाई के सड़क का नवीन निर्माण कार्य किया तो गया परंतु मार्ग के बीच पड़ने वाले एक बरसाती नाले पर रपटा निर्माण कार्य नहीं किया गया, वही विभाग से मिली जानकारी अनुसार उक्त पुलिया इस ठेके में शामिल नही थी जिससे पूर्व से जर्जर हालत में रपटा बीते दिनों 15 सितंबर की रात हुई तेज बारिश के बहाव में बड़ा हिस्सा बह गया जहां आनन-फानन में विभाग के द्वार मिट्टी पत्थर डाल दिया गया। वही ग्रामीणों द्वारा बताया गया है हर बरसात इसका यही हाल होता है जरा सी बारिश में यह बह जाती है इसके बाद भी विभाग द्वारा इस पर ध्यान ना देना समझ से परे हैं जबकि इस सड़क का उपयोग चौबीस घंटे ग्रामीणों के द्वारा किया जाता है उक्त नाले पर मजबूत रपटा निर्माण कार्य किए जाने की मांग ग्राम वासियों द्वारा की गई है।

# भाजयुमो ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के शुभअवसर को भाजपा सेवा पखवाड़े के रूप में मना रही

सिवनी यशोः- देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के शुभअवसर को भाजपा सेवा पखवाड़े के रूप में मना रही हैं। इसी क्रम में भाजयुमो प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर युवा मोर्चा जिला सिवनी के नेतृत्व में महारक्तदान कार्यक्रम सोमवार को युवा मोर्चा कार्यकर्ताओ की सहभागिता से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छपारा में प्रातः 11 बजे से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। युवा साथियों ने बढ़-चढक़र रक्तदान किया। मंगलवार को सिवनी, बरघाट विधानसभा के कार्यकर्ताओ की सहभागिता से



जिला भाजपा कार्यालय सिवनी में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। रक्तदान शिविर में युवा साथी अधिक से अधिक स या में पहुंचकर रक्तदान करने की बात भाजयुमो जिला अध्यक्ष युवराज सिंह राहंगडाले ने कही है। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी महेन्द्र बघेल ने दी है।

# मु यमंत्री ने बेलपत्र, बरगद और गुलमोहर के पौधे रोपे

भोपाल। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में बेलपत्र, बरगद और गुलमोहर के पौधे रोपे। मु यमंत्री के साथ श्री अमन पटेल और श्रीराज चौहान ने भी अपने जन्म-दिवस पर पौध-रोपण किया। सर्वश्री सुमित चौहान, अनुभव चौहान, केदार सिंह चौहान, विजय गुर्जर, अजय सिंह, रामप्रसाद चौधरी और गोपाल पवार साथ थे। स्टेट प्रेस लब इन्दौर के अध्यक्ष श्री प्रवीण खारीवाल और अन्य सदस्य ने भी पौधे रोपे। श्री खारीवाल ने मु यमंत्री श्री चौहान को भारतीय पत्रकारिता महोत्सव-2023 की स्मारिका ÷नैतिकता÷ भेंट की।

# जबलपुर आ रहे यात्री को विमान में आया हार्ट अटैक, मौत

**दिल्ली से इंडिगो के विमान में सफर कर जबलपुर आ रहे एक यात्री की दिल का दौरा पड़ने की वजह से मौत हो गई। यात्री की उम्र 69 थी वह अपनी पत्नी के साथ आ रहे थे।**




जबलपुर। आजकल अच्छे खासे इंसान की बैठे-बैठे ही कब मौत हो जाती है किसी को भी इसका जरा सा भी अंदाजा नहीं होता है। ठीक ऐसा ही अभी हाल ही में दिल्ली से जबलपुर आ रहा है इंडिगो एयरलाइंस के एक विमान में यात्री के साथ हुआ। इंडिगो के विमान से जबलपुर आ रहे एक यात्री की रविवार के दिन दिल का दौरा पड़ने की वजह से मौत हो गई। उड़ान को जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट पर लैंड कर यात्री के शव को तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन वहां डॉ टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के मुताबिक, यात्री अपनी पत्नी के साथ रविवार के दिन जबलपुर आ रहे हैं लेकिन लाइट में बैठने के कुछ देर बार ही यात्री को सीने में दर्द होने लगा और बेचेनी भी हुई। कोई कुछ देख पाता समझ पाता यात्री की मौत हो गई। जिसके चलते लाइट में सब लोग डर गए। तुरंत लाइट की लैंडिंग करवा कर सबसे पहले शव को अस्पताल ले जाया गया। लेकिन वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया जिसके बाद खमरिया थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया उसके बाद शव को परिजनों को सौंपा। ये घटना दोपहर 1.55 बजे के बाद की है। यात्री दिल्ली से लाइट में सवार हुए थे। यात्री का नाम राजेन्द्र फैन्क्लीन था। उनकी उम्र 69 थी। वह अपनी पत्नी डॉली के साथ थे। पुलिस द्वारा बताया गया है कि यात्री को पहले भी दो बार दिल दौरा पड़ चुका था।

# अपने कामों के दम पर जनता से आशीर्वाद मांग रही भाजपा - राजेंद्र शु ल

पन्ना। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और राज्य सरकारों ने बीते सालों में समाज के हर वर्ग के लिए काम किए हैं, देश और प्रदेश के विकास के लिए काम किए हैं। गरीबों का जीवन बदलने वाले इन कामों के दम पर ही भारतीय जनता पार्टी जन आशीर्वाद यात्राएं निकाल रही है, जिन्हें प्रदेश की जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। यह बात प्रदेश सरकार के मंत्री श्री राजेंद्र शु ल ने सोमवार को पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कही। पत्रकारवार्ता को प्रदेश के मंत्री श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष पन्ना श्री राम बिहारी चौरसिया ने भी संबोधित किया ।




**क्षेत्र के विकास के लिए जनता दे रही धन्यवाद**

मीडिया को संबोधित करते हुए श्री राजेंद्र शु ल ने कहा कि जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान हम जहां भी जा रहे हैं, हमें जनता का व्यापक आशीर्वाद मिल रहा है। साथ में जनता हमें उनके क्षेत्र में हुए विकास के लिए धन्यवाद भी देती है। लोग खुद कहते हैं कि आजादी के बाद पहली बार गांव-गांव में अगर पक्की सड़कें बनी हैं, तो यह भाजपा सरकार ने बनवाई हैं। जिला मार्गो के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्गो का जाल फैलाया गया। उन्होंने आगे कहा कि 2003 के पहले बिजली मिलती ही नहीं थी, लेकिन अब स्थिति बदल गई है। प्रदेश में अब बिजली सरप्लस में है और दिल्ली की मेट्रो मध्यप्रदेश की बिजली से चल रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने हर घर में नल से जल पहुंचाने का कार्य शुरू किया है, जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

**जारी हुआ गरीब कल्याण रिपोर्ट कार्ड**

पत्रकारवार्ता के दौरान प्रदेश सरकार का गरीब कल्याण रिपोर्ट कॉर्ड भी जारी किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्री अनिल पटेल, श्री अशीष तिवारी, प्रदेश प्रवक्ता श्री प्रहलाद कुशवाहा, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री जयप्रकाश चतुर्वेदी, श्री सतानंद गौतम, पूर्व विधायक श्री के.के. मिश्रा, श्री राजगोपाल चारी एवं जिला मीडिया प्रभारी श्री दुर्गेश शिवहरे उपस्थित रहे ।

# मालवा और निमाड़ क्षेत्र में सूरज से बिजली बनाने वालों की सं या 9200 के पार

## योजना में सब्सिडी का लाभ भी मिल रहा है उपयोगकर्ताओं को

भोपाल । मालवा क्षेत्र में नवकरणीय ऊर्जा में रूफ टॉप सोलर नेट मीटर को अपनाने वालों की सं या तेजी बढ़ रही हैं। मालवा में 8500 से ज्यादा स्थानों पर सूरज की किरणों से पैनल्स के जरिये और निमाड़ में करीब 700 परिसरों में सौर ऊर्जा से बिजली बन रही है। इस तरह 9200 से ज्यादा स्थानों पर अभी सूरज की किरणों से बिजली बन रही हैं और रोज ही सूरज से बिजली बनाने वालों की सं या बढ़ रही हैं।

पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि नि न दाब कने शन वाले 8850 एवं उच्च दाब वाले 350 से ज्यादा परिसरों में पैनल्स लगाकर सूरज की किरणों से बिजली बनायी जा रही है। जुलाई एवं अगस्त में बारिश के दिनों में भी इन सभी स्थानों पर बिजली बनी है। इस तरह ये सौर पैनल्स वर्षभर बिजली दे रहे है। इंदौर जिले में कुल 5900 स्थानों पर सूरज से बिजली बन रही है। सबसे ज्यादा पैनल्स इंदौर शहर एवं शहर से लगे सुपर कारिडोर, बायपास में लगे हैं। उज्जैन जिले में करीब 1200 स्थानों पर, रतलाम जिले में 395, खरगोन जिले में 310, धार जिला में 290 और नीमच जिले में 225 स्थानों पर नेट मीटर लगे हैं। अन्य जिलों में 25 से लेकर 200 स्थानों पर रूफ टॉप सोलर नेट मीटर लगे हैं।

सोलर पैनल्स लगाने वाले पात्र उपभोक्ताओं को केंद्र सरकार की ओर से सब्सिडी भी दी जाती है। नेशनल पोर्टल से यह सब्सिडी सीधे ही पैनल्स लगाने वाले मौजूदा बिजली उपभोक्ता के बैंक खाते में पहुँचती है।

इंदौर की स्कीम नंबर 114 की उपभोक्ता श्रीमती रीना कैलाश यादव बताती हैं कि ÷मई माह में सेटअप लगाने के बाद 2500 की बजाए मात्र 300 से 400 रूपए माह का ही बिजली बिल आया है। केन्द्र सरकार से 51 हजार रूपये की सब्सिडी भी समय से मिल गई।÷

# अद्वैतलोक में भारत की समृद्ध स्थापत्य शैलियों का दर्शन

## मु यमंत्री चौहान 21 को करेंगे अनावरण और शिलान्यास

भोपाल । मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 21 सितंबर, गुरुवार को आदिगुरु शंकराचार्य की ज्ञान स्थली ओंकारेश्वर में %शंकरावतरण% कार्यक्रम में आदि शंकराचार्य की 108 फीट ऊंची प्रतिमा के अनावरण के साथ ÷अद्वैत लोक÷ का शिलान्यास भी करेंगे द्य ÷अद्वैत लोक÷ संग्रहालय नर्मदा व कावेरी की पुण्य सरिताओं की ओर मुख किए ओंकारेश्वर के मांधाता पर्वत पर स्थित है द्य इसमें भारतवर्ष की मनोरम , समृद्ध व समस्त विश्व के पुरातत्वविदों के लिए प्राचीन काल से अचंभा का विषय रही भारतीय स्थापत्य कला का अनुभव कर पाएंगे।

**भारत की समृद्ध स्थापत्य शैलियों का समावेश किया जाएगा एकात्म धाम में**

एकात्म धाम में भारत की समृद्ध और पुरातन स्थापत्य की शैलियों का समावेश किया जाएगा। स्थापत्य शिल्प कला में नागर, द्रविड, ओडिशा, मारू गुर्जर, होयसल, उत्तर भारतीय ङ्क हिमालयीन और केरल मंदिर स्थापत्य सहित अनेक पारंपरिक वास्तुकला शैलियां स मिलित होंगी।

एकात्म धाम की स्थापत्य शैली, विविध क्षेत्रों के स्थापत्य कलाओं की पुरातात्त्विक शैली से प्रेरित होगी द्य धाम में मंदिर का निर्माण वास्तुकला की नागर शैली में किया जावेगा, साथ ही पारंपारिक वास्तुशिल्प तत्वों जैसे स्त भ, छत्तरियों का भी उपयोग किया जाएगा। अद्वैत लोक की निर्मिति सामग्री कुशल कारीगरों द्वारा तैयार होगी। इसमें ठोस पत्थर की चिनाई, पाषाण की सहायता से निर्मित कारीगरी भी देखने को मिलेगीद्य मु य रूप से आचार्य शंकर के जीवन प्रसंगों को भित्ति-चित्रों, मूर्तियों के माध्यम से चित्रित किया जाएगा।

# पर्याप्त वर्षा से प्रदेश में अब स्थिति सुखद - मु यमंत्री चौहान

***जल भराव वाली जगहों में भी अब सुधार**
***भारी वर्षा से हुए नुकसान का सर्वे कराकर राहत उपलब्ध कराई जाएगी**

भोपाल । मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में पर्याप्त वर्षा को सुखद बताया है। मु यमंत्री ने कहा कि भगवान महाकाल की कृपा से प्रदेश में पर्याप्त वर्षा हुई है, तालाब और बांधों में पर्याप्त जल है और बिजली का उत्पादन ठीक हो रहा है। कहीं-कहीं अतिवृष्टि से असुविधा हुई है। उज्जैन में फँसे तीन लोगों को हेलीकाप्टर से सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया है।

मु यमंत्री श्री चौहान ने रविन्द्र भवन में मीडिया के प्रतिनिधियों से चर्चा में कहा कि मैनें देर रात एक बजे निवास से वर्षा की स्थिति और उसके प्रभाव की वर्चुअली समीक्षा की। खरगोन, खण्डवा, बड़वानी, धार और इंदौर जिलों में कई जगह जल भराव की स्थिति बनी, लेकिन अब स्थिति सुधर रही है। बांधों से जो पानी छोड़ा जा रहा था उसकी मात्रा कम हो गई है। मौसम भी अब खुल रहा है। वर्षा से बहुत फायदा हुआ है, लेकिन थोड़ी असुविधा भी हुई है। नागरिक चिंता न करें, भारी वर्षा से हुए नुकसान का सर्वे कराकर राहत राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

## कार्यकर्ता महाकुंभ की तैयारी को लेकर बैठक आज

**25 सितंबर को भोपाल में आयोजित होगा कार्यकर्ता महाकुंभ मण्डला जिले से हजारों कार्यकर्ता महाकुंभ में होंगे शामिल**

मण्डला यशोः- भारतीय जनता पार्टी द्वारा निकाली गयी जनआर्शीवाद यात्रा का समापन 25 सितंबर को भोपाल में आयोजित कार्यकर्ता महाकुंभ में होगा कार्यकर्ता महाकुंभ में प्रदेश भर के लगभग 10 लाख कार्यकर्ता भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में जिले से हजारों की सं या में भाजपा कार्यकर्ता महाकुंभ में शामिल होने भोपाल जायेंगे। कार्यकर्ता महाकुंभ की तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में 19 सितंबर को दोपहर 1 बजे बैठक आयोजित की गयी है, जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि इस बैठक में भाजपा के जिला पदाधिकारी, जिला संयोजक, विधानसभा प्रभारी, विधानसभा संयोजक, मण्डल अध्यक्ष, मोर्चा प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी एवं जिलाध्यक्ष, संयोजक, सांसद, विधायक, जिला पंचायत, जनपद पंचायत अध्यक्ष, नगरपालिका /नगरपरिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, उपस्थित रहेंगे।

## चौहान ने अमर शहीद स्वतंत्रता सेनानी मदनलाल ढींगरा की जयंती पर किया नमन

भोपाल। शिवराज सिंह चौहान ने अमर शहीद स्वतंत्रता सेनानी मदनलाल ढींगरा की जयंती पर नमन किया। मु यमंत्री श्री चौहान ने निवास कार्यालय स्थित सभागार में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। श्री मदनलाल ढींगरा का जन्म 18 सितंबर 1883 को पंजाब प्रांत में हुआ।

## मण्डला मेडिकल कॉलेज हेतु केंद्र सरकार ने की भूमि आवंटित

### केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते के प्रयास से शीघ्र शुरू होगा मेडिकल कॉलेज निर्माण



***मेडिकल कॉलेज गोंड राजा हिरदेशाह के नाम से स्थापित होगा**
***खैरी एवं आमानाला के पास बनेगा मेडिकल कॉलेज**

मण्डला यशोः- पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा मण्डला मेडिकल कॉलेज के निर्माण हेतु भूमि आवंटन की सैद्धांतिक स्वीकृति का आदेश जारी होते ही मण्डला में मेडिकल कॉलेज में मेडिकल कॉलेज का मार्ग प्रशस्त हो गया, मण्डला सांसद केंद्रीय इस्पात व ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री फग्गनसिंह कुलस्ते के प्रयास से मेडिकल कॉलेज की पूर्व में स्वीकृति के साथ 325 करोड़ रूपये की राशि केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा दी गयी है। मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि प्रदेश के मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की गरिमामयी उपस्थिति में शीघ्र ही मेडिकल कॉलेज निर्माण की आधारशिला रखी जायेगी। मु यमंत्री श्री चौहान ने अपने मण्डला प्रवास के दौरान मेडिकल कॉलेज का नामकरण गढ़ मण्डला के राजा हिरदेशाह के नाम से किया है। मण्डला नगर के निकट ग्राम पंचायत खैरी एवं आमानाला पंचायत के बीच वन विकास निगम की 10 हे टेयर भूमि के आवंटन की सैद्धांतिक स्वीकृति प्राप्त हुई है। केंद्रीय मंत्री श्री कुलस्ते मेडिकल कॉलेज के पाठ्यक्रम को प्रारंभ करने हेतु भी प्रयासरत है, निकट भविष्य में मेडिकल कॉलेज के भवन निर्माण आरंभ के साथ ही पाठ्यक्रम भी प्रारंभ करने की योजना है। मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की गरिमामयी उपस्थिति में शीघ्र ही मेडिकल कॉलेज निर्माण की आधारशिला रखी जायेगी। मु यमंत्री चौहान ने अपने मण्डला प्रवास के दौरान मेडिकल कॉलेज का नामकरण गढ़ मण्डला के राजा हिरदेशाह के नाम से किया है।

## जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता

### प्रथम दिन के मैच में कांहीवाडा और सिवनी रही विजेता



छपारा यशोः- स्व. ठकुर हरवंश सिंह जी की स्मृति में छपारा में आज से प्रारंभ हुई जिला स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट के प्रथम दिन के मैच में दर्शकों को बड़ा ही रोचक संघर्ष देखने को मिला कांहीवाड़ा और सिवनी की टीम ने विजय श्री हासिल की। यंग हीरो एवं इंडो लब छपारा के तत्वाधान में आयोजित इस प्रतियोगिता का प्रथम मैच केवलारी और कान्हीवाड़ा के बीच खेला गया जिसमें कान्हीवाडा की ओर से उनके सेंटर फारवर्ड के द्वारा एक गोल किया कोई भी गोल न कर सकी केवलारी टीम लेकिन पूरा मैच बाद तक रोमांचक स्थिति में आखिरी तक बना रहा अंत में कान्हीवाडा टीम ने ही विजय प्राप्त की । आज के दूसरा मैच इलेवन स्टार सिवनी एवं कुरई की टीमों के बीच खेला गया , जिसमे इलेवन स्टार सिवनी के शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 शून्य से विजय प्राप्त किया और कुरई की टीम शुरुआती दौर से पिछड़ने के बाद 2 + 0 के स्कोर से अपनी हार को नहीं बचा सकी। आज के पूरे मैच में अनिल साहू गोविंद गोस्वामी अनिल रुनिझा अखिलेश सोनी चंद्रशेखर श्रीवात्री आनंद तिवारी प्रदीप श्रीवास्तव देवेंद्र सिंह अंबर पाटर सुनील जरगे सिद्दीक खान रिक्की कोस्टा राहुल रजक उमेश रजक अनिल मोह मद आमिर खान मालगुजार खटकर एवम सुरजीत सिंह शाश्वत से अभिषेक तथा अनेक वरिष्ठों की उपस्थिति में संपन्न हुआ ।

## जीवित को मृत बता दिया 4 साल से भटक रही महिला

**नहीं मिल रहा कोई लाभ**



मंडला यशोः- जि मेदारों की लापरवाही के चलते एक महिला को अपने जीवित रहने का प्रमाण घूम घूम कर देना पड़ रहा है लेकिन शासन की योजनायें मानने को तैयार नहीं ढ्ढ इस महिला को किसी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है ढ्ढ मंडला जनपद की ग्राम पंचायत तिन्दुनी में दिनांक 04/05/2019 को मालती बाई धुर्वे को मृत घोषित कर दिया गया है जिसकी रिपोर्टिंग स बंधित पोर्टल में रोजगार सहायक द्वारा दिनांक 07/10/2019 को दर्ज कर दी गई है जबकि उक्त महिला जीवित है और समग्र परिवार आईडी क्रं. 29017059 से मालती बाई धुर्वे आईडी क्रं. 136815703 का नाम गायब कर दिया गया है। 04 साल से महिला ग्राम पंचायत जाकर बता रही है कि मैं ज़िंदा हूँ मुझे शासकीय योजना का लाभ दिलाएं लेकिन जि मेदार सुनने को तैयार नहीं हैं ढ्ढ इस दौरान वर्तमान सरपंच शैलेन्द्र सिंह द्वारा रोजगार सहायक को इस सन्दर्भ में बोला भी गया लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है ढ्ढ स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार यहाँ के रोजगार सहायक से लोग परेशान हैं कार्यालय से नदारद रहते हैं लोगों के काम नहीं हो पा रहे हैं ढ्ढ सरपंच एवं मु य सचिव और ग्रामीणजन रोजगार सहायक का इंतज़ार करते रहते हैं लेकिन ये कब कार्यालय आते जाते हैं पता ही नहीं चलता ढ्ढ आपको बता दें कि 17 सित बर को प्रदेश के सभी ग्रामपंचायत कार्यालयों में मु यमंत्री लाडली बहना आवास के फॉर्म जमा करने का शुभार भ किया गया है किन्तु इस ग्राम पंचायत में एक भी फॉर्म जमा नहीं हुए हैं

## आयुष मंत्री कावरे ने बलिदान दिवस पर राजा शंकर शाह पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह की प्रतिमा का किया अनावरण

बालाघाट। परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन में आयुष मंत्री रामकिशोर नानो कावरे द्वारा बालाघाट जनपद के ग्राम अर्नामेटा के समीप खामटोला ढीमरूटोला, एवं परसवाड़ा जनपद के ग्राम डोंगरिया में गोंडवाना साम्राज्य के अमर शहीद राजा शंकर शाह पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह मड़ावी जी की प्रतिमा का अनावरण बलिदान दिवस पर आज 18 सितंबर 2023 को किया ।

डोंगरीय के कार्यकम मे जनपद अध्यक्ष समल सिंह धुर्वे, उपाध्याय श्री कांती रहाँगडाले, श्री योगेश शरणागत, श्री प्रीतम बोपचे, श्री अशोक कटरे, डिगेन्द्र गौतम,सरपंच श्रीमती रीता उइके जनपद पचायत के सीईओ, तहसीलदार, उपस्थित रहे



मंत्री श्री कावरे दोपहर 1ः00 बजे ग्राम डोंगरिया के धान खरीदी केंद्र के पास कार्यक्रम स्थल पहुंचें। सामाजिक बांधो द्वारा मंत्री जी का हल्दी एवं चावल का तिलक लगाकर पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत सत्कार किया गया। ततपश्चात् उन्होंने अमर शहीद बलिदानी राजा शंकर शाह पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह को श्रद्धा सुमन अर्पित कर सामाजिक बंधुओ के साथ प्रतिमा का अनावरण किया ।

वही मंत्री श्री कावरे ने शाम 6:00 बजे अर्नामेटा के समीप खामटोला, मैं आयोजित कार्यक्रम में प्रतिमा का अनावरण किया ।

मंत्री श्री कावरे ने कहा की देश को आजाद कराने में 1857 की क्रांति का भी बड़ा योगदान था। राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ देश को आजाद कराने में 1857 की क्रांति का भी बड़ा योगदान था. राजा शंकर शाह और राजकुमार रघुनाथ सिंह दो ऐसे योद्धा थे. जिन्होंने पूरे महाकौशल में अंग्रेजों के खिलाफ आजादी का बिगुल फूंक दिया था.इस आंदोलन में देश के कई राजा-राजकुमारों ने भी अपना योगदान दिया था। जिनके सामने अंग्रेज घुटने टेकने लिए मजबूर हो गए थे. जिन्होंने न केवल अपना बलिदान दिया बल्कि अपने बलिदान से स्वतंत्रता की ऐसी चिंगारी को जन्म दिया जो बाद में अंग्रेजों के लिए आग बन गई पिता पुत्र से डरे अंग्रेजों ने उनकी आवाज दबाने के लिए शंकर शाह और रघुनाथ शाह को मारने का षड्यंत्र रचा। अंग्रेजों ने चालाकी से इन गोंड राजाओं को गिर तार कर लिया और भरे बाजार जबलपुर कमिश्नरी के सामने 18 सितंबर 1857 को पिता और पुत्र को तोप के आगे बांधकर उड़ा दिया. शंकर शाह और रघुनाथ शाह ने अपनी शहादत दे दी, लेकिन अंग्रेजों के सामने घुटने नहीं टेके। खामटोला में आयोजित कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष फूलचंद सहारे, राधेलाल मर्सकोले, श्रीमती मालती मर्सकोले, मण्डल अध्यक्ष राजेश मेश्राम शंकर तुलसीकर, विनोद बोथरा, संतोष रहाँगडाले, नरेश बिसेन, चंद्रकांत रहाँगडाले, गोपी रहाँगडाले,शिव हरिनखेड़े, राकेश नागेश्वर, हुकुम बिसेन, उपस्थित रहे।

## रामनगर में 27 नवागत पेंशनर्स के स मान में किया गया समारोह स पन्न



मंडला यशोः- पेंशनर्स एसोसिएशन जिला मण्डला की इकाई रामनगर के अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद ठाकुर व कार्यकारी अध्यक्ष गोपाल प्रसाद उसराठे के सघन प्रयासों के परिणाम स्वरूप अल्पावधि में 27 पेंषनरों को पेंशनर्स एसोसिएशन का आजीवन सदस्य बनाया गया। नवागत पेंशनरों के स मानार्थ रामनगर के हॉलीक्रास विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष व उपप्रांताध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता, रामनगर इकाई के पूर्व अध्यक्ष नारायण प्रसाद ठाकुर के मु य आतिथ्य, जिला सचिव बलराम पाल, कोषाध्यक्ष एस.एन. अली, तहसील मण्डला अध्यक्ष नागेन्द्रनाथ चौरसिया, पदमी अध्यक्ष भगवानदास ठाकुर, टिकरवारा कार्यकारी अध्यक्ष जवाहर लाल पटेल, मण्डला तहसील उपाध्यक्ष कमल सिंह के विशिष्टि आतिथ्य में आयोजित किया गया।

अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती का पूजन अर्चन किया गया। अध्यक्ष रामनगर आयोध्या प्रसाद ठाकुर ने अपने प्रतिवेदन के माध्यम से पेंशनरों को संगठन से जोड़ने हेतु किय गये प्रयासों व भावी रणनीति से अवगत कराया। उनका मत था कि पेशनरों को सामाजिक गतिविधियों, ग्राम के विकास व स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए कार्य करना चाहिए। उनकी वेदना यह भी थी कि मण्डला जाने के मधपुरी मार्ग अत्याधिक जर्जर हो जाने तथा बस्ती से मोटर स्टेंड अधिक दूर होने के कारण पेंशनरों वृद्धों, बीमार-लाचार, अशक्त जनों को वहां तक पहुंचने में भारी तकलीफ का सामना करना पड़ता हैं। उसके सुधार हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधयों के साथ पेंशनरों को भी आगे आना होगा। उद्बोधन की श्रंखला में नागेन्द्रनाथ चौरसिया, भगवानदास ठाकुर, एन.पी. ठाकुर व रामकुमार दुबे ने अवगत कराया कि संगठन के माध्यम से क्षेत्र के पेंशनरों में जाग्रति आवेगी तथा पेंशनर्स सामूहिक रूप से क्षेत्र की समस्या के समाधान हेतु जनप्रतिनिधियों व प्रशासन पर दबाव डाल सकेंगे।

जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जैन ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन के माध्यम से पेंशनर्स एसोसिएशन के द्वारा किये गये संघर्ष व उसके परिणाम स्वरूप प्राप्त उपलब्धियों का उल्लेख किया, उन्होंने उदासीन व तटस्त रहने वाले पेंशनरों का आव्हान करते हुये कहा कि उदासीनता का परित्याग कर संगठन के द्वारा किये जाने वाले आंदोलनों व गतिविधियों पर सक्रिय रूप से भाग लेंवे। सं या बल के आधार पर ही शासन को हम पेंशनरों के हितों के लिए सोचने के लिए विवश कर सकते हैं। संघर्ष के बलबूते शासन से मंहगाई राहत 42 प्रतिशत स्वीकृत कराने में सफल रहे हैं, किन्तु हमारी अन्य मांगे यथा - स्वास्थ्य बीमा योजना, 49 (6) धारा समाप्त करना व 30 जून को सेवानिवृत्त पेंशनरों के लिए छत्तीसगढ़ शासन के अनुरूप आदेश जारी करने के लिए किये जाने संघर्ष हेतु हमें तैयार रहना है।

मंचाशीन अतिथियों के द्वारा नवागत 27 पेंशनरों का साल पहनाकर स मानित किया गया। इसी क्रम में अध्यक्ष रामनगर ए.पी. ठाकुर, सचिव रामकुमार दुबे तथा संरक्षक बलदेव राणा के द्वारा भी मंचासीन अतिथियों को साल पहनाकर स मानित किया गया।

कार्यक्रम में महासिंह सैयाम, भागचंद झारिया, रामप्रसाद झारिया, देवेन्द्र कुमार नेवले, असाढू लाल बरमैया, रामपाल सैयाम, हजारी लाल गुमास्ता, श्रीमति शिवकुमारी, श्रीमति दुलारी बाई व अनेकों पेंशनरों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## मु यमंत्री चौहान ने स्वतंत्रता सेनानी राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

भोपाल । मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्ष 1857 के अमर बलिदानी स्वतंत्रता सेनानी राजा शंकर शाह-रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर उन्हें नमन किया। मु यमंत्री श्री चौहान ने निवास स्थित सभागार में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह ने वर्ष 1857 के स्वतंत्राता संग्राम में जबलपुर क्षेत्र में सैनिकों को क्रांति में भाग लेने के लिए प्रेरित किया था। अपने क्रांतिकारी साथियों और 52वीं रेजीमेंट के सैनिकों के साथ मिल कर पिता-पुत्र ने क्रांति की योजना बनाई, लेकिन गद्दार ने यह सूचना अंग्रेजों तक पहुँचा दी। राजा, उनके पुत्र और अनुयायियों सहित 13 लोगों को गिर तार किया गया। तलाशी में क्रांति संगठन के दस्तावेजों के साथ राजा शंकर शाह द्वारा लिखित एक कविता मिली। दोनों क्रांतिवीर पिता-पुत्र को बंदी बना कर जेल में रखा गया। राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह की गिर तारी से सैनिकों और जनता में आक्रोश बढ़ गया। तुरंत डिप्टी कमिश्नर और दो अंग्रेज अधिकारियों की एक औपचारिक सैनिक अदालत बैठायी गयी और देशद्रोही कविता लिखने के जुर्म में राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह को 18 सित बर 1857 को मृत्यु-दण्ड दिया गया। राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह के बलिदान से क्रांति की आग दावानल बन गई।

## अति वर्षा से प्रभावित जिलों में जलस्तर हो रहा कम, स्थितियां हो रही सामान्य

**मु यमंत्री चौहान ने मध्य रात्रि को की समीक्षा, सुरक्षा और बचाव कार्यों में तेजी लाने के दिये निर्देश**

**राहत शिविरों में बचाव कार्य जारी**

भोपाल । प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से हो रही अति वर्षा से मालवा और निमाड़ अंचल के प्रभावित जिलों में स्थितियां अब सामान्य हो रही हैं। मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने गत दिवस गुना में यात्रा से लौटने के बाद देर रात डेढ़ बजे प्रभावित जिलों में स्थिति की समीक्षा की। उन्होने संबंधित कले टरों को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बचाव एवं राहत कार्यो को तत्काल पूरा करने के निर्देश दिये। इंदौर, खण्डवा, खरगोन, बड़वानी एवं बुरहानपुर जिला जिलों में अतिवृष्टि से उत्पन्न जल भराव की परिस्थितियों में स्टेट डिसास्टर इमरजेंसी रिस्पांस फोर्स द्वारा 89 बचाव कार्य संचालित कर 8718 नागरिकों और 2637 पशुधन बचाकर कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। बाढ़ प्रभावित जिलों में राहत बचाव कार्य के लिए कुल 610 जवान और होमगार्ड के 801 जवानों की तैनाती की गई है। मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित इलाकों में राहत के लिए सेना और एयरफोर्स की मदद ली जाएगी। वर्तमान स्थिति में इसकी जरूरत महसूस नहीं हो रही है।

संबंधित कले टर्स ने आपदा दलों को प्रभावित क्षेत्रों में दायित्व सौंपा है। जहां जल भराव की स्थिति देखी जा रही वहां नागरिकों को ऊंचाई वाले स्थान पर ठहराया गया है। जिलों में अति वर्षा प्रभावित लोगों के भोजन और रहने की समुचित व्यवस्था की गई है। अब स्थितियां तेजी से सामान्य हो रही हैं। इक्का-दुक्का घटनाओं को छोड़कर जनहानि या अधिक पशु हानि नहीं हुई है।

मु यमंत्री श्री चौहान को संबंधित जिलों के कले टर्स ने बताया प्रभावित जिलों में प्रभावित जिलों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम जिलों में सक्रिय है। मु यमंत्री श्री चौहान ने मध्य रात्रि में वीसी द्वारा बुरहानपुर अलीराजपुर, खरगोन, खंडवा, बड़वानी, धार जिलों के कले टर और कमिश्नर इंदौर से वीसी से चर्चा की।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अति वर्षा से नागरिकों को कोई तकलीफ नहीं होने दी जाएगी। मु यमंत्री श्री चौहान ने प्रभावित जिलों के कले टर को निर्देश दिए। मु यमंत्री श्री चौहान ने कमिश्नर इंदौर से भी जिलों में आपदा दलों के तैनाती और आवश्यक व्यवस्था के संबंध में चर्चा की।

मु यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश में ज्यादा वर्षा और प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की जानकारी विस्तार पूर्वक प्राप्त की। मु यमंत्री श्री चौहान ने अपर मु य सचिव श्री एस.एन. मिश्रा, श्री अशोक वर्णवाल और संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर किए गए प्रबंधन की जानकारी प्राप्त की।

**प्रदेश में अति वर्षा और प्रभावित क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की जानकारी**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार पिछले 24 घंटे में खरगोन, अलीराजपुर, झाबुआ, मंदसौर, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, बड़वानी, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, नीमच, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, शाजापुर, आगर मालवा में अत?याधिक भारी से अतिभारी वर्षा एवं रायसेन, भोपाल, राजगढ़, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुर कलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, सतना, शहडोल, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंदसौर, बालाघाट, पन्ना, सागर, टीकमगढ़, निवाड़ी, विदिशा, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी और ग्वालियर में भारी से मध?यम वर्षा दर्ज की गई है। आगामी 24 घंटों में रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, इंदौर, खरगौन, बड़वानी एवं मंदसौर में भारतीय मौसम विभाग द्वारा अत्याधिक से अतिभारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है।

**राहत शिविरों में बचाव कार्य जारी**

खरगोन जिले में बाढ़ प्रभावित ग्रामों में लगभग 45 राहत शिविर चल रहे है। जिसमें लगभग 2017 लोगों को रखा गया है। इंदौर में बडी कलमेर एवं कलारिया गॉव के घरों में पानी भरा गया है। रेस्े यू कार्य जारी है। पुल-पुलिया के उपर से पानी बह रहा है। ग्राम कलारिया में गंभीर नदी में फँसे समस्त 21 लोगो को एस.डी.आर.एफ. एवं सिविल डिफेंस की टीम ने बचाव कर निकाल लिया है। जिले में अब तक कुल 227 लोगो को बचा लिया गया है। इंदौर संभाग में भारी वर्षा के चलते बचाव कार्य में अन्य जिलों से एसडीईआरएफ की आठ टीमें तैनात की गई है।

धार जिले में भारी वर्षा हो रही है। पुल-पुलिया के उपर से पानी बह रहा है। लगभग 72 निचली बस्तियों में पानी भरा गया है। प्रभावितों को सुरक्षित स?थान पर पहुँचाया गया है। कुल 1993 लोगों को शि ट किया गया है और नौ स?थानों पर ड्रापगेट्स लगाये गये है। बचाव कार्य जारी है। तहसील गंधवानी के इंगला डेम में पानी का रिसाव हो रहा है। टें नकल टीम मौके पर पहुचकर परीक्षण कर रही है। प्रशासन की टीम तैनात है। नर्मदापुरम में नर्मदा नदी का जल स?तर धीरे-धीरे उतर रहा है। एहतियात के तौर पर शिविर लगाये गये है परंतु अभी शिविरों में कोई नही है। बारिश बंद है। स्थिति सामान्य है। बुरहानपुर में ताप्ती नदी खतरे के निशान से उपर बह रही है। नदी किनारे के 120 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुचाया गया है। भोजन पैकेट वितरित किये गये है।

बडवानी में लगातार बारिश हो रही है लेकिन आपदा जैसी स्थिति नही है। खण्डवा में नर्मदा नदी की निचली बस्तियों में जल भराव होने पर तहसील खण्डवा के ग्राम नावली, धनगांव, चमारवाडी एवं नागचुन के 18 परिवार तथा तहसील पुनासा ग्राम मोरटक्का, मार्कण्डेय आश्रम, बिल्लौराखुर्द, कैलाशखो एवं ब्राह णपुरी के 500 व्यक्तियों को ग्राम पंचायत भवन, मंडी प्रागण, आदिवासी समाज धर्मशाला, गायत्री शक्तिपीठ, जैसे सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया है। प्रशासन की टीम को सुरक्षा के लिये निर्देश दिये गये है और 29 स्थानों पर ड्रापगेट्स लगाये गये है। वर्तमान में बारिश बंद है।

**बांधों एवं नदियों की स्थिति**

बुरहानपुर में ताप्ती नदी का जल स?तर खतरे के निशान से ऊपर है। नर्मदा नदी खरगौन (मोरट्टका) में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है एवं नर्मदापुरम (सेठानी घाट) में खतरे के निशान के पास बह रही है। जबलपुर (बरगी डैम) के 13 गेट, खण्डवा (इंदिरा सागर डैम) के 12 गेट, (ओंकारेश्वर डैम) के 23 गेट, नर्मदापुरम (तवा डैम) के 05 गेट, टीकमगढ (बानसुजारा डैम) के 08 गेट, अशोकनगर (राजघाट डैम) के 08 गेट, सिवनी (संजय सरोवर डैम) के 03 गेट, बैतूल (पारसडोह) के 03 गेट खोले गये है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार 2482 मकान आंशिक तथा 78 मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुये है।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297